दैनिक जागरण

inext

दैनिक जागरण, Varanasi, 28 May 2026

## एसएमएस वाराणसी का प्लेसमेंट परचम



**VARANASI :** स्कूल ऑफ साइंसेज वाराणसी में कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि इस वर्ष 200 से अधिक एमबीए तथा 20 से अधिक एमसीए विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त हुआ. इस वर्ष स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने भी विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट पाकर संस्थान का गौरव बढाया | इस वर्ष का सर्वाधिक पैकेज 9.6 लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा. इस अवसर पर कुलसचिव संजय गुप्ता, एमबीए पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. अमिताभ पांडेय, एमसीए कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राधा रमन चन्दन, एमकॉम कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अंजू सिंह, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के डीके. त्रिपाठी, भावना दीक्षित, राहुल सिंह सहित संकाय सदस्यों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही.

दैनिक जागरण


वाराणसी, 28 मई, 2026

## कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त एमबीए विद्यार्थियों को किया सम्मानित

वाराणसी (वि.) : स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) वाराणसी में कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त 200 से अधिक एमबीए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। संस्थान निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उद्योग संपर्क के कारण इस वर्ष एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक, अमूल जैसी कंपनियों में अच्छे प्लेसमेंट हुए। सर्वाधिक वार्षिक पैकेज 9.6 लाख रुपये रहा। एमबीए, एमसीए, बीबीए, बीसीए एवं अन्य कोर्स के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने संस्थान के प्रयासों पर आभार व्यक्त किया।

हिन्दुस्तान
वाराणसी, गुरुवार, 28 मई 2026

## एसएमएस वाराणसी में 200 छात्रों का प्लेसमेंट



वाराणसी। स्कूल ऑफ साइंसेज वाराणसी में कैंपस प्लेसमेंट के दौरान 200 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है। बुधवार को अभिनंदन समारोह में एमबीए, एमसीए, एम.कॉम, बीबीए, बीसीए, बीकॉम (ऑनर्स) एवं मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच यह बड़ी उपलब्धि है। सर्वाधिक पैकेज 9.6 लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा। कुलसचिव संजय गुप्ता, प्रो. अमिताभ पांडेय, डॉ. राधा रमन चन्दन, डॉ. अंजू सिंह, डीके त्रिपाठी, भावना दीक्षित, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला
वाराणसी। बृहस्पतिवार, 28 मई 2026

## एसएमएस के 200 विद्यार्थियों को मिला कैंपस प्लेसमेंट



**वाराणसी (वि)।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में एमबीए के 200 से ज्यादा विद्यार्थियों का बेहतर कंपनियों में प्लेसमेंट मिला है। संस्थान में आयोजित अभिनंदन समारोह में एमबीए, एमसीए, एमकॉम के साथ ही बीबीए, बीसीए, बीकॉम ऑनर्स और मास कम्यूनिकेशन के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। निदेशक प्रो. पीएन झा ने बताया कि इस साल का सर्वाधिक पैकेज 9.60 लाख रुपये है। इस दौरान प्रो. अमिताभ पांडेय, कुलसचिव संजय गुप्ता, डॉ.राधारमन चंदन मौजूद रहे।

जन के साथ-सच के साथ
जनवार्ता
वाराणसी, बुधवार, 27 मई 2026

# वैश्विक चुनौतियों के बीच एसएमएस का प्लेसमेंट परचम

## सर्वाधिक 9.6 लाख वार्षिक पैकेज

**वाराणसी (जनवार्ता)।** स्कूल ऑफ साइंसेज वाराणसी में कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमबीए, एमसीए, एम.कॉम एवं स्नातक स्तर पर बीबीए, बीसीए, बीकॉम (ऑनर्स) एवं मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।



एसएमएस वाराणसी में सम्मान समारोह में कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त छात्र, निदेशक, कुलसचिव व अन्य।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो पीएन झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक आर्थिक एवं औद्योगिक चुनौतियों के दौर में रोजगार के अवसरों में लगातार परिवर्तन देखने को मिल रहा है, लेकिन विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं संस्थान की प्लेसमेंट टीम के गौरतलब है कि इस वर्ष 200 से अधिक एमबीए तथा 20 से अधिक एमसीए विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त हुआ। इस वर्ष स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने भी विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट पाकर संस्थान का गौरव बढाया। इस वर्ष का सर्वाधिक पैकेज 9.6 लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा, जो विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं संस्थान की गुणवत्ता को दर्शाता है। इस अवसर पर कुलसचिव संजय गुप्ता, एमबीए पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. अमिताभ पांडेय, एमसीए कार्यक्रम समन्वयक डॉ राधा रमन चन्दन, एमकॉम कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अंजू सिंह, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के डी. के. त्रिपाठी, सुश्री भावना दीक्षित, राहुल सिंह व अन्य की उपस्थिति रही।

काशीवार्ता
kashivarta.com
facebook.com I kashivartahindinews twitter.com I kashivartahindinews

26.06.2026

# 220 से अधिक छात्रों का हुआ कैंपस चयन

## वैश्विक चुनौतियों के बीच एसएमएस ने प्लेसमेंट में लहराया परचम

वाराणसी (काशीवार्ता)। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) वाराणसी में कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एमबीए, एमसीए, एम.कॉम, बीबीए, बीसीए, बीकॉम (ऑनर्स) एवं मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।



संस्थान के निदेशक प्रो. पी.एन. झा ने कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद एसएमएस ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण और मजबूत कॉर्पोरेट नेटवर्किंग के जरिए उत्कृष्ट प्लेसमेंट सुनिश्चित किया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 200 से अधिक एमबीए और 20 से अधिक एमसीए विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट मिला, जबकि स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। इस वर्ष का सर्वोच्च पैकेज 9.6 लाख रुपये वार्षिक रहा। प्लेसमेंट देने वाली प्रमुख कंपनियों में एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक, अमूल, आईडीबीआई बैंक, बंधन बैंक, एक्सिस बैंक, पार्ले, टीसीआई, एसआईएस, वरुण बेवरेजेज, डालमिया सीमेंट, गोदरेज कैपिटल, टेनान ग्रुप, रेकिट, वोडाफोन आइडिया, एक्साइड इंडस्ट्रीज, सीजफायर, एसबीआई इंश्योरेंस, सूर्या ग्लोबल फिल्म्स, वी मार्ट, इंडिया मार्ट और यूनाइटेड एकता ग्रुप शामिल रहे। कार्यक्रम में संजय गुप्ता, प्रो. अमिताभ पांडेय, डॉ. राधा रमन चंदन, डॉ. अंजू सिंह, डी.के. त्रिपाठी, भावना दीक्षित और राहुल सिंह सहित संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।